>

Title: Need to set up a Trauma Centre at Barabanki, Uttar Pradesh with a view to provide immediate treatment to the people injured in road accidents on National Highway.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): बाराबंकी उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण जिला है, जो राजधानी लखनऊ से केवल 28 कि.मी. की दूरी पर होते हुए भी आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित है। राÂट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण अनेक सड़क दुर्घटनाओं में लोग घायल होते रहते हैं और पर्याप्त उपचार न मिलने के कारण उनकी मौत हो जाती है। हालांकि लखनऊ में ट्रॉमा सेन्टर है, लेकिन वह पूरे राज्य भर के लोगों के लिए है, उसे एक सामान्य ट्रॉमा सेन्टर की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है। पूर्वान्चल में बहराईच, गोण्डा, श्रावस्ती की दूरी 100 कि.मी. से 145 कि.मी. के बीच है और वहां के लोग दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्ति को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर ले जाने के लिए दौड़ते हैं। लखनऊ पहुंचने पर वहां के ट्रॉमा सेंटर में स्थान उपलब्ध नहीं रहता है और उन्हें वहां से मना होने के बाद मजबूरन निजी अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ता है, जिससे काफी धन व्यय होता है। धनाभाव के कारण अनेकों गंभीर रूप से घायल लोगों की इलाज के अभाव में मृत्यु हो जाती है। एक पिछड़े क्षेत्र और राÂट्रीय राजमार्ग से लगे क्षेत्र बाराबंकी में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना के बाद लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पर दबाव कम हो जायेगा और घायल व्यक्तियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और अनेकों लोग मौत के मुंह में जाने से बच सकेंगे।

अतः मैं मांग करता हूं कि केन्द्र सरकार बाराबंकी में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करने का आदेश दें, जिससे बाराबंकी के अलावा गोण्डा, बहराईच, श्रावस्ती जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों के दुर्घटनाग्रस्त लोगों की जीवन रक्षा हो सके।